दैनिक ट्रिब्यून 25/1/2024

# फिजिक्स में श्वेता और पलक अरोड़ा की टीम अव्वल

## प्रीति ने जीता सर्वोत्तम व्याख्याकार खिताब

जींद/जुलाना,24 जनवरी(हप्र)



जींद में बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण। -हप्र

राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में बुधवार को अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. सुमिता आशरी ने बताया कि इस दौरान भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से श्वेता व पलक अरोड़ा की टीम प्रथम स्थान पर रही। साइकोलॉजी में अखिल व शगुन राजकीय महाविद्यालय जींद, जंतु विभाग में जैस्मिन व तमन्ना के. एम. कॉलेज नरवाना, वनस्पति विभाग में प्रीति व प्रीति रानी राजकीय महाविद्यालय सफीदों, भूगोल विभाग में पिंकी व साक्षी राजकीय महाविद्यालय जींद, कम्प्यूटर विभाग में गौरव व कमल राजकीय महाविद्यालय सफीदों, रसायन विभाग में श्वेता व रिंकी एस.डी. महिला महाविद्यालय नरवाना के मॉडल प्रथम रहे। प्रथम रहने वाले मॉडल आगे जोनल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। राजकीय महिला महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की छात्रा प्रीति को सर्वोत्तम व्याख्याकार घोषित किया गया। प्रदर्शनी में बतौर मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय अग्रोहा के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है। महाविद्यालय के प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने कहा कि विज्ञान हमारे भ्रम को दूर करता है और वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने का समाधान देता है। महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. सुमिता आशरी ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में सतीश कुमार वनस्पति विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार, प्रवीण जैन भौतिक विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, डॉ. कुलदीप रसायन विभाग राजकीय महाविद्यालय आदमपुर, डॉ. प्रवीण कम्प्यूटर विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार, डॉ. कनुप्रिया मनोविज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, डॉ. मोनिका कौशिक भूगोल विभाग राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा, डॉ. कमेश जंतु शास्त्र विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. संजय अरोड़ा, नरेंद्र कुमार,अल्पना शर्मा, अजीत सिंह, आशी मित्तल,ज्योति सिहमार, डॉ. सोनल जैन, डॉ. संदीप राणा एवं दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला (My city) 25/1/2024

संदेश

विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला कॉलेज की श्वेता और पलक अरोड़ा की टीम प्रथम

# अंधविश्वास और भ्रम को दूर करता है विज्ञान

संवाद न्यूज एजेंसी



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य और मुख्य अतिथि। संवाद

**जींद।** राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को अंतर जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्राचार्य जयनारायण गहलोत की अध्यक्षता में किया गया। इसमें भूगोल, भौतिक, रसायन, कंप्यूटर, मनोविज्ञान, वनस्पतिव जंतु शास्त्र विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर राजकीय महाविद्यालय अग्रोहा के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने शिरकत की।

डॉ. विवेक ने कहा कि आज का युग विज्ञान का है। जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है। विज्ञान अंधविश्वास और भ्रम को दूर कर वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने का समाधान देता है। भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से श्वेता व पलक अरोड़ा की टीम ने प्रथम, साइकोलॉजी में अखिल व शगुन राजकीय महाविद्यालय जींद, जंतु विभाग में जैस्मिन व तमन्ना केएम कॉलेज नरवाना, वनस्पति विभाग में प्रीति व प्रीति रानी राजकीय महाविद्यालय सफीदों, भूगोल विभाग में पिंकी व साक्षी राजकीय महाविद्यालय जींद, कंप्यूटर विभाग में गौरव व कमल राजकीय महाविद्यालय सफीदों, रसायन विभाग में श्वेता व रिंकी एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना के मॉडल प्रथम रहे। प्रथम रहने वाले मॉडल जोनल स्तर पर भेजे जाएंगे।

राजकीय महिला महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की छात्रा प्रीति को सर्वोत्तम व्याख्याकार घोषित किया गया। महाविद्यालय की प्रेस प्रवक्ता डॉ. सुमिता आशरी ने बताया कि वनस्पति विभाग से डॉ. संजय अरोड़ा प्रदर्शनी के मुख्य संयोजक रहे। इस प्रदर्शनी में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य नरेंद्र कुमार, अल्पना शर्मा, अजीत सिंह, आशी मित्तल, गुरदीप, इशा बंसल, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. मंजू शर्मा, ज्योति सिहमार, डॉ. सोनल जैन, ज्योति मेहंदीरत्ता मौजूद रहीं।

विज्ञान प्रदर्शनी • राजकीय महिला कॉलेज में प्रतिभागियों ने दिखाए कई तरह के मॉडल

# भौतिक विज्ञान में मेजबान राजकीय महिला कॉलेज जींद की टीम प्रथम

भास्कर न्यूज | जींद

राजकीय महिला कॉलेज में अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें भूगोल विभाग, भौतिक विभाग, रसायन विभाग, कंप्यूटर विभाग, मनोविज्ञान विभाग, वनस्पति विभाग व जंतु शास्त्र विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें प्रतिभागी छात्र छात्राओं द्वारा बढ़ते प्रदूषण से बिगड़ता वातावरण, खेती में पेस्टीसाइड का अधिक इस्तेमाल से बढ़ रही बीमारियां, जल दोहन, प्रकृति से छेड़छाड़ की वजह से भूकंप व प्राकृतिक आपदा की नौबत, फास्टफूड से शारीरिक बीमारियां बढ़ने आदि विषयों से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए। साथ ही इसका समाधान भी दर्शाया गया।

मुख्य अतिथि राजकीय कॉलेज अग्रोहा के प्रिंसिपल डॉ. विवेक कुमार सैनी ने कहा कि आज का युग विज्ञान का है। जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है। कॉलेज के प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि विज्ञान हमारे अंधविश्वास और भ्रम को दूर करता है और वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने का समाधान देता है।



जींद. राजकीय महिला कॉलेज में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल।

इस विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में सतीश कुमार, वनस्पति विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार, प्रवीण जैन, भौतिक विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, डॉ. कुलदीप, रसायन विभाग राजकीय महाविद्यालय आदमपुर, डॉ. प्रवीण कंप्यूटर विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार, डॉ. कनुप्रिया, मनोविज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, डॉ. मोनिका कौशिक, भूगोल विभाग राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा, डॉ. कमोद, जंतु शास्त्र विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार शामिल रहे।

डॉ. आचारी के अनुसार वनस्पति विभाग से डा. संजय अरोड़ा इस विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य संयोजक रहे, जिनकी देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं संकाय सदस्य नरेंद्र कुमार, अल्पना शर्मा, अजीत सिंह, आरती मित्तल, गुरदीप, ईशा बंसल, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. मंजु शर्मा, ज्योति सिहमार, डॉ. मोनल जैन, डॉ. हिमांशु गर्ग, डॉ. मोनिका, ज्योति मेहदीरत्ता, वीरेंद्र, डॉ. संदीप राणा व दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

### ये रहे परिणाम

भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला कॉलेज जींद से श्वेता व फलक अरोड़ा की टीम प्रथम स्थान पर रही। माइक्रोबायोलॉजी में अंकित व शगुन राजकीय कॉलेज जींद, जंतु विभाग में जैस्मिन व तमन्ना केएम कॉलेज नरवाना, वनस्पति विभाग में प्रीति व प्रीति रानी राजकीय कॉलेज सफीदों, भूगोल विभाग में रिंकी व साक्षी राजकीय कॉलेज जींद, कंप्यूटर विभाग में गौरव व कमल राजकीय कॉलेज सफीदों, रसायन विभाग में रविता व रिंकी एसडी महिला कॉलेज नरवाना के मॉडल प्रथम रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मॉडल आगे जोनल स्तर की प्रदर्शनी में जाएंगे। प्रेस प्रवक्ता डॉ. सुस्मिता आचारी ने बताया कि राजकीय महिला कॉलेज के वनस्पति विभाग की छात्रा प्रीति को सर्वोत्तम व्याख्याकार घोषित किया गया।

# महिला कालेज में लगाई अंतरजिला विज्ञान प्रदर्शनी

- भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में श्वेता व पलक अरोड़ा की टीम रही प्रथम
- साइकोलाजी में अखिल व शगुन जींद की टीम विजेता प्रथम

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय महिला कालेज में अंतरजिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें भूगोल विभाग, भौतिक विभाग, रसायन विभाग, कंप्यूटर विभाग, मनोविज्ञान विभाग, वनस्पति विभाग व जंतु शास्त्र विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रदर्शनी में मुख्यातिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय अग्रोहा के प्राचार्य डा. विवेक कुमार सैनी ने शिरकत की। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व के बारे कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है।

## अंधविश्वास को दूर करता है विज्ञान

कालेज प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान हमारे अंधविश्वास और भ्रम को दूर करता है और वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने का समाधान देता है। इस विज्ञान प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में वनस्पति विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार से मनीश कुमार, भौतिक विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद से प्रवीण जैन, रसायन विभाग राजकीय महाविद्यालय आदमपुर से डा. कुलदीप, कंप्यूटर विभाग राजकीय महाविद्यालय हिसार से डा. प्रवीण, मनोविज्ञान विभाग राजकीय महाविद्यालय नारनौंद से डा. कनुप्रिया निर्णायक रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि व कालेज स्टाफ। • सौ. कालेज।

**यह रहे परिणाम** : महाविद्यालय की प्रवक्ता डा. सुमिता आसरी ने बताया कि भौतिक विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला महाविद्यालय जींद से श्वेता व पलक अरोड़ा की टीम प्रथम स्थान पर रही। साइकोलाजी में अखिल व शगुन राजकीय महाविद्यालय जींद, जंतु विभाग में जैस्मिन व तमन्ना केएम कालेज नरवाना, वनस्पति विभाग में प्रीति व प्रीति रानी राजकीय महाविद्यालय सफीदों, भूगोल विभाग में पिंकी व साक्षी राजकीय महाविद्यालय जींद, कंप्यूटर विभाग में गौरव व कमल राजकीय महाविद्यालय सफीदों, रसायन विभाग में रविता व रिंकी एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना के माडल प्रथम रहे। प्रथम रहने वाले माडल आगे जोनल स्तर पर जाएंगे। राजकीय महिला महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की छात्रा प्रीति को सर्वोत्तम व्याख्याकार घोषित किया गया। इस प्रदर्शनी में नरेंद्र कुमार, अल्पना शर्मा, अजीत सिंह, आशी मित्तल, गुरदीप, इशा बंसल, डा. रमेश कुमार, ज्योति सिंहमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।